प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0-6/विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-2023/7189 लखनऊःदिनांकः10.01 /2024

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर-2023 (आयोजित जनवरी-2024) में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के नॉमिनल रोल (नामावली) के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि परिषद द्वारा आयोजित आगामी विषम सेमस्टर/विशेष बेक पेपर परीक्षा दिसम्बर-2023, परीक्षा दिनांक 16.01.2024 से प्रारम्भ है।

उक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि आप द्वारा उक्त परीक्षा में अग्रसारित किये गये परीक्षाफार्म के अनुसार छात्र/छात्राओं के अनुक्रमांक जारी कर दिये गये हैं, अनुक्रमांक सहित नॉमिनल रोल (नामावली) परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in के संस्था लॉगिन पर उपलब्ध है।

अतः संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही हेतु नामावली के साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि छात्र/छात्रा के अनुक्रमांक की डुप्लीकेसी परिलक्षित तो नहीं हो रही है। तद्नुसार प्रिन्ट आउट निकालकर संस्था स्तर पर सुरक्षित रख लें। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लें कि यदि किसी छात्र/छात्रा का ऑनलाइन परीक्षाफार्म भराया गया है और वह उक्त नॉमिनल रोल (नामावली) में प्रदर्शित नहीं हो रहा है, तो सम्बन्धित छात्र/छात्रा का परीक्षाफार्म संलग्नक करते हुए आवेदन तत्काल परिषद कार्यालय की ई0मेल0 upbteanu6@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0-6/विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-2023/7190-92 तद्दिनांकः-10.01.2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना भी सुनिश्चित करें।

(अजित कुमार मिश्र)
सचिव